दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 98 | छतरपुर, सोमवार 04 नवम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## देरीकांड को लेकर एसपी हुये सख्त

### आरोपी की गिरफ्तारी हेतु इनाम राशि 10 हजार से बढ़ाकर की 20 हजार



छतरपुर। ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम देरी में शनिवार को हत्या के प्रयास में फरार चल रहे आरोपी रविन्द्र सिंह परिहार द्वारा पुलिस बल पर की गयी फायरिंग की घटना को पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने गंभीरता से लिया है तथा इस घटना के बाद जहां पूरी रात देरी गांव पुलिस छावनी में तब्दील रहा तो वहीं आरोपी की गिरफ्तारी हेतु कई टीमें मैदान में उतारी गयीं हालांकि अभी तक पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। उधर एसपी अगम जैन ने इस घटना को लेकर कड़ा रूख अपनाते हुये आरोपी गिरफ्तारी हेतु इनाम राशि 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार कर दी है तथा और भी पुलिस की टीमें गठित करते हुये निर्देशित किया है कि हर हाल में अपराधी को कानून के हवाले किया जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक की इस सख्ती के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में एड़ीचोटी का पसीना एक कर रही है। उधर इस घटना के बाद ग्राम देरी में भय एवं दहशत का माहौल है और कोई भी ग्रामवासी इस घटना को लेकर अपनी जुवान खोलने से डर रहा है जिससे भी बात करो तो वह यही जबाव देता है कि वह या तो घटना के समय अपने कुंए में था या फिर बाहर गया हुआ था। संभवत: आरोपी की तलाश में पुलिस को जो सबसे बड़ी दिक्कत आ रही है वह यही है कि कोई इस घटना को लेकर मुंह खोलने को तैयार नहीं है। उधर ओरछा रोड थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र यादव ने बताया कि श्री जैन ने आरोपी की गिरफ्तारी हेतु इनाम राशि 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार कर दी है तथा और टीमें गठित की हैं। उन्होंने दावा किया कि आरोपी जल्द ही सलाखों के पीछे होगा।

## भाई को तिलक लगाकर बहिन ने की दीर्घायु होने की कामना

### यमद्वितीया पर भगवान चित्रगुप्त की हुई पूजा

***छतरपुर। भाई-बहिन के पवित्र रिश्ते को प्रगाढ़ करने वाले भाईदूज पर्व पर बहिनों ने अपने भाईयों का तिलक करते हुए लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाई-दूज के पर्व को यमद्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। कायस्थ समाज के लोग भगवान चित्रगुप्त की पूजा करते हैं। वहीं व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों की पूजा की जाती है।***



पांच दिवसीय दीवाली महोत्सव के पांचवें दिन भाई-दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धनतेरस से शुरू हुए इस पर्व का भाईदूज के साथ समापन हो जाता है। ऐसा कहा जाता है कि बहिन के तिलक करने से और कामना करने से भाई की उम्र में वृद्धि होती है। कथा के मुताबिक आज के दिन यमुना नदी में स्नान का बहुत महत्व होता है। यमुना मैया के भाई यमराज प्रसन्न होते हैं लेकिन यमुना नदी का जल न मिलने पर स्वच्छ और पवित्र जल से स्नान करने के बाद घर के बाहर दोज रखकर उनकी पूजा करने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। आज के दिन भाई अपनी बहिनों के यहां जाकर तिलक कराते हुए उनसे आशीर्वाद लेते हैं और यथाशक्ति उपहार भेंट करते हैं। त्यौहार को परंपरागत तरीके से लोगों ने मनाया, बहिनों ने भाईयों को आशीर्वाद दिया। कायस्थ समाज ने चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा की। यमराज के बहीखाता संभालने वाले भगवान चित्रगुप्त ही सबके जीवन का लेखाजोखा रखते हैं। इसलिए व्यापारी आज के दिन अपने बहीखातों का पूजन करते हैं।


## पिकअप से टकराई बाइक, युवक की मौत



छतरपुर। गुलगंज थाना क्षेत्र में सागर-कानपुर हाईवे पर रविवार को पिकअप और बाइक की भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक का नाम महेश पुत्र पंचू अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बंधा था, जो अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान हाईवे पर चौपरिया मंदिर के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप से उसकी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में महेश के सिर में गंभीर चोट आई थी, जिसके चलते उसे पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। वहां गुलगंज पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जप्त कर विवेचना शुरु कर दी है।

## नदी के किनारे लगे पेड़ से युवक ने लगाई फांसी

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। नगर के अंतर्गत बंदियाखेड़ा के पास बछेड़ी नदी के किनारे एक युवक द्वारा फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने खबर फैली स्थानीय लोगों के द्वारा मृतक युवक कल शाम से लापता रहने और शराब पीने का आदी बताया गया।अचानक मृतक युवक के साराम पिता देवा कुशवाहा उम्र 22 वर्ष के द्वारा नदी के किनारे लगे कवा के पेड़ पर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी घुवारा पुलिस चौकी को मिलते ही तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। घटना की जांच पड़ताल कर जानकारी ली और पुलिस चौकी के द्वारा मौके पर पंचनामा बनाकर मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घुवारा पुलिस चौकी प्रभारी के द्वारा बताया गया कि मृतक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला कर ली।



## बरेठी गोलीकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से दहशत में हैं पीड़ित परिवार

छतरपुर। जिले के भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बरेठी में 25 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे भाजपा नेता लाल प्रतिपाल सिंह एवं उनके दो पुत्रों सहित अन्य साथियों द्वारा की गयी गोलीबारी की घटना से फरियादी उदय प्रताप सिंह एवं उनका परिवार दहशत में है। पीड़ित उदय प्रताप सिंह एवं उनके परिवार के सदस्य घरों से न तो बाहर निकल रहे हैं और न ही खेतीबाड़ी कर पा रहे हैं। उन्हें डर सता रहा है कि अगर आरोपी शीघ्र नहीं पकड़े गये तो उनके ऊपर दोवारा जानलेवा हमला हो सकता है।

ज्ञात हो कि बरेठी निवासी उदय प्रताप सिंह का भाजपा नेता लाल प्रतिपाल सिंह से जमीनी विवाद चल रहा है इसी विवाद को लेकर लाल प्रतिपाल सिंह एवं उनके दो पुत्र राजदीप सिंह, अभिषेक राजा एवं अन्य साथियों द्वारा इनके ऊपर अंधाधुंध फायरिंग की गयी थी हालांकि उदय प्रताप सिंह घटना के समय दरवाजे पर बैठे थे लेकिन वह जल्दी ही अंदर चले गये जिससे वह बाल-बाल बच गये। आरोपी लाल प्रतिपाल सिंह ने अपनी पत्नी गुड्डी राजा की लायसेंसी बंदूक का इस घटना में इस्तेमाल किया है हालांकि पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है लेकिन उनकी गिरफ्तारी न होने से उदय प्रताप सिंह के परिवार पर खतरा मड़रा रहा है।

***जल्द होगी गिरफ्तारी***

उधर भगवां थाना प्रभारी डीके सिंह ने इस संवाददाता से हुयी चर्चा के दौरान बताया कि वे अभी हाल ही में इस थाने में आये हैं फिर भी आरोपियों की तलाश के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। पीड़ित परिवार की सुरक्षा प्रदान करना हमारा कर्त्तव्य है। हमें उम्मीद है कि आरोपी चाहे जहां भी हो वह शीघ्र गिरफ्तार कर लिये जायेंगे।

# दादा रामरतन जैन के निधन पर दी गई विनयांजलि

## समाज और मानव सेवा को समर्पित रहे 97 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी श्री जैन

छतरपुर। समाजसेवी, मानवसेवा को समर्पित, सहज, सरल और हंसमुख व्यक्तित्व के धनी 97 वर्षीय वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी रामरतन जैन के निधन के बाद उन्हें जैन समाज की एक वृहद विनयांजलि सभा में भावभीनी विनयांजलि अर्पित की गई। दादा जी ने स्वतंत्रता संग्राम में भी अपनी भूमिका निभाई थी, इसलिए उनका नाम नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में शुमार किया जाता है। ज्ञातव्य है कि दादा रामरतन जैन का निधन 30 अक्टूबर 24 को 97 वर्ष की आयु में हो गया था। वे इतनी अवस्था में भी अंतिम समय तक पूरी तरह चैतन्य और स्वस्थ थे।



प्रो.सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि अतिशय क्षेत्र डेरापहाड़ी के चहुंमुखी विकास के लिए जीवट व्यक्तित्व के धनी दादा रामरतन जैन ने अत्यधिक परिश्रम किया और अथक योगदान दिया था, जिसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा। बड़े जैन मंदिर में आयोजित उनकी विनयांजलि सभा में भी जैन समाज की कार्यकारिणी के साथ साथ बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं तथा युवाजन उपस्थित थे।

इस विनयांजलि सभा में समाजसेवी राजेश बड़कुल ने दादा जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और कर्मठ परोपकारी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके निधन को नगर की अपूर्णीय क्षति बताया। दादाजी ने जैन समाज की ओर से जिला अस्पताल के पीछे संचालित महावीर विश्रांति भवन का कई वर्षों तक कुशलतापूर्वक संचालन किया, जिसमें मरीजों के परिजन रुका करते थे।

# सिद्धपीठ कूड़नताल धाम में 9 कुण्डीय शनि महायज्ञ, नवग्रह, शनिदेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 21 से

## विश्व के कल्याण के लिए श्रीमद् भागवत के साथ शनि कथा, शिव कथा, रामकथा का होगा आयोजन

छतरपुर। जिला मुख्यालय के समीप स्थित सिद्धपीठ कूड़नताल धाम में आगामी 21 नवंबर से 30 नवंबर तक विशाल धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। यहां नवकुण्डीय शनि महायज्ञ का आयोजन होगा वहीं नवग्रह एवं न्याय के देवता शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी है। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के साथ ही श्री हनुमत कथा, श्री शनि कथा, श्री शिव कथा एवं श्रीराम कथा का आयोजन होगा।

श्री शनिदेव समाज सेवा समिति के तत्वावधान में सिद्धपीठ में यह विशाल महोत्सव आयोजित हो रहा है। कूड़नताल स्थित शनि मंदिर के पुजारी रामेश्वर जोशी ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में नवग्रह एवं न्याय के देवता शनिदेव भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। श्रीधाम वृंदावन से कथाव्यास के रूप में प्रियाकिशोरी जी पधार रही हैं। विश्व कल्याणार्थ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर से 30 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा के साथ ही अन्य कथाएं भी श्रवण करने का मौका मिलेगा। समस्त क्षेत्र एवं जिलावासियों से आग्रह किया गया है कि इस महामहोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस पूरे आयोजन में पं. प्रभुदयाल शास्त्री जी का विशेष सहयोग रहेगा।

# पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रान्तीय अधिवेशन कल

छतरपुर। पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रान्तीय अधिवेशन कल मंगलवार 5 नवंबर 2024 को छतरपुर में आयोजित होगा। एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कल शहर के जवाहर रोड पर सर्किट हाउस तिराहा के समीप स्थित एक निजी शहनाई गार्डन में अधिवेशन संपन्न होगा, जिसमें एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। एसोसिएशन के उप प्रान्ताध्यक्ष बी.पी. सिंह ने अपील की है कि प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलने वाले कार्यक्रम में पेंशनर्स एसोसिएशन से जुड़े सभी लोग उपस्थित हों।

# एनपीवी केयर फाउंडेशन ने गरीब बच्चों की दिवाली की रौशन

छतरपुर ।समाज उत्थान के लिए विभिन्न कार्य करने वाली नौगांव की संस्था एनपीवी केयर फाउंडेशन ने दीपावली पर गरीब बच्चों के साथ दीपावली मनाकर उनकी दिवाली रौशन कर दी। फाउंडेशन के अध्यक्ष आयुष पांडे के नेतृत्व में संस्था के सदस्य दीपावली पर गरीब बच्चों के बीच पहुंचे और उन्हें मिठाई खिलाकर पटाखे चलवाए ।धूम धाम से दीपावली मनाकर गरीब बच्चों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। फाउंडेशन के सदस्य रश्मि पांडे,सतेंद्र भास्कर,ऋषि सिंह चौहान,अनुपम बबेले,दिलीप रैकवार, नेहा संस्था के माध्यम से समाज उत्थान के विभिन्न कार्य कर रहे हैं ।उनका उद्देश्य एक बेहतर समाज का निर्माण है।

# ब्रह्माकुमारीज घुवारा सेवाकेंद्र द्वारा अन्नकूट पर 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग

## गोवर्धन महोत्सव पर गौधन, पर्वतों और वृक्षों के संरक्षण का संकल्प लेना ही मानव संरक्षण है -बीके रमा




**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा ।। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय घुवारा सेवाकेंद्र द्वारा अन्नकूट महोत्सव के उपलक्ष्य में गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठाए हुए श्री कृष्ण और साथ ही श्री महालक्ष्मी की चैतन्य झांकी सजाकर भव्य कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके रमा दीदी का आगमन हुआ और उन्होंने गोवर्धन की महत्ता बताते हुए कहा कि श्री कृष्ण प्रकृति पति हैं उन्होंने जो भी लीलाएं की उनमें हर एक में प्रकृति के संरक्षण का संकेत दिया इस महोत्सव के पीछे भी हमें पर्वतों को बचाने का और गौ संरक्षण का संदेश दिया। आज हम अपनी सुविधाओं के लिए पर्वतों का भी क्षरण कर रहे हैं उनको भी काट रहे हैं जबकि पर्वत और वृक्ष वर्षा को अपनी ओर आकर्षित करते हैं जब पर्वत ही नहीं रहेंगे तो बारिश कहां से होगी। यह हमारे रक्षा कवच हैं उनकी सुरक्षा स्वयं की सुरक्षा है इसलिए हमें केवल एक दिन परिक्रमा या एक दिन पूजा नहीं करनी है बल्कि हर दिन उनकी सुरक्षा का संकल्प लेना है।

इस महोत्सव के उपलक्ष्य में घुवारा सेवाकेंद्र प्रभारी बीके नीतू ने 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया। और अतिथियों का सभी भाई बहनों का स्वागत किया तत्पश्चात चैतन्य देव देवियों की और गोवर्धन पर्वत की आरती की गई। छतरपुर से पधारी बीके कल्पना ने बैर, घृणा, की जाले साफ करके प्रेम और शुभकामना के दीए जलाने की बात कही और कमेंट्री द्वारा सभी को मेडिटेशन कराया। इस अवसर पर गर्ल्स स्कूल प्राचार्य बीएल प्रजापति, बालक हायर सेकेंडरी विद्यालय प्राचार्या अलका शुक्ला, मंडी प्रबंधक हरिराम लोधी, ग्राम कुड़ीला सरपंच प्रकाश लोधी, डॉ. डीपी सिंह, राजकुमार सेन पन्नालाल लोधी रनमत सिंह अन्य गणमान्य नागरिक एवं भाई बहनें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन बीके मोहिनी ने किया और सभी को प्रसाद वितरण किया।

# सन्त उमाकान्त जी महाराज की चेतावनी- कोई कितना भी शक्तिशाली आ जाए, मांस-शराब नशा रोके बिना, अपराध और भ्रष्टाचार को खत्म नहीं कर सकता

## देश-विदेश के लीडर, धर्म गुरुओं से प्रार्थना- शाकाहारी नशामुक्त बनें और अपने अनुयायीयों को भी बनाएं, शाकाहार नशामुक्ति का प्रचार करें

परिहार गर्जना न्यूज। उज्जैन (म.प्र)दीपावली के त्यौहार पर देश-विदेश के सभी लोगों से यह प्रार्थना है कि सब लोग शाकाहारी हो जाएं। और जो भी अच्छे लोग हैं, चाहे किसी भी धर्म के मानने वाले लोग, वो शाकाहार अपना करके लोगों को भी शाकाहारी को बनावें, शाकाहार का प्रचार करें। अपने अनुयायीयों शिष्यों को शाकाहार की, नशे को छोड़ने की शिक्षा दें। खुद भी छोड़ें और दूसरों को भी छुड़वाएं।




***समाज की रक्षा और सतयुग की स्थापना कैसे होगी***

बाबाजी ने देश-विदेश के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री राजा-महाराजा, अधिकारी कर्मचारी सबसे अपील कि की आज आप लोग शाकाहारी रहने का संकल्प बना लीजिए। अंडा शराब मांसाहार की वजह से आने वाले भारी बुरे पाप कर्मों, गंदगी से बचने के लिए इसको आज छोड़ दीजिए। त्योंहार इसलिए आते हैं, बुराई छोड़ अच्छी ग्रहण करने की ही याद दिलाते हैं। भ्रष्टाचार और अपराध, मांसाहार करने और नशेड़ी बन जाने की वजह से होता है। इन्हें रोके बिना आप कितना भी उपाय कर लो लेकिन यह चीज जड़ से खत्म नहीं होगी। ये दो चीज अगर हट जाए तो भ्रष्टाचार और अपराध बहुत कम हो जाए, बुद्धि लोगों की सही हो जाएगी।

***बाबाजी की चेतावनी***

अगर आप लोगों ने ध्यान नहीं दिया तो आज त्यौहार के दिन 31 अक्टूबर 2024 को मैं आपको बता देना चाहता हूं की कोई भी कितना भी शक्तिशाली आ जाए, लेकिन अपराध और भ्रष्टाचार को खत्म नहीं कर सकता है। अगर यह चीज खत्म नहीं होगी तो यह ऐसी छूत की बीमारी है कि बढ़ती ही चली जाएगी।

***युवाओं में बढ़ता नशा करेगा सर्वनाश***

आजकल नशा बहुत बढ़ रहा है। लोगों को, सतसंगीयों को ही खबर भी नहीं लगती कि हमारा बच्चा नशेड़ी हो गया। नशे में गाली गुस्सा बकने लगता है। जब औरतें शादी में पहनने के लिए जेवर खोजती है तब पता चलता है अंदर ही अंदर घर से जेवर गायब, बैंक से रुपया निकल गए। नशेबाजी करेगी सर्वनाश।

***सभी जाति मजहब के लोगों से प्रार्थना***

नशे से कोई काम हो सकता है? किसी का भविष्य बन सकता है? नहीं बन सकता है। नशेड़ी आदमी नौजवान अधिकारी कर्मचारी नेता, कोई भी हो, कुछ नहीं कर सकता, कोई भला नहीं कर सकता है। देश का इससे तो सत्यानाश होना है। इसलिए सभी जाति मजहब के धार्मिक लोगों, सभी पार्टी के नेताओं से मेरी प्रार्थना है कि- हाथ जोड़कर विनय हमारी, तजो नशा बनो शाकाहारी।। छोड़ो व्यभिचार बनो ब्रह्मचारी, सतयुग लाने की करो तैयारी।

# साकेत गौशाला में बन रही पंचगव्य प्रोड्क्ट में गोबाम का हुआ विमोचन

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। जिला गोपालन पशुधन संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गोवर्धन पूजन के उपलक्ष्य में श्री साकेत गौशाला में बन रही पंचगव्य प्रोड्?क्ट में गोबाम का विमोचन केबीनेट मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, - विधायक शैलेन्द्र जैन, मा.विधायक प्रदीप लारिया, सहित जिला कलेक्टर महोदय जी ने किया। गोशाला संस्थापक पं. बृजेश जी महाराज ने बताया कि साकेत गौशाला में मां राजराजेश्वरी आरोग्य धाम में कुशल वैद्यों के द्वारा केमीकल रहित जीवनोपयोगी हेल्थ और होम केयर प्रोडक्ट बन रहे है जिसमें पंचगव्य और एलोवेरा साबुन, गोबाम, गोमूत्र अर्क, धूपबत्ती सहित सौ से अधिक रोगों को शमन करने के लिये पंचगव्य ओषधियाँ का निर्माण भी हो रहा है।



इस कार्यक्रम में गो संवर्धन अधिकारी डॉ के एस राजपूत जी , नाड़ी वैद्य गुरुदर्शन शास्त्री जी, पं. बृजेश जी महाराज , श्री जाहर सिंह सचिव एवं बलराम सिंह और समस्त गो भक्त श्री साकेत गौशाला एवं दयोदय गौशाला सागर के सभी दानवीर कार्यकर्ता इस मौके पर मौजूद रहें।





सागर। पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने आज बामोरा कार्यालय में जनप्रतिनिधियों,पार्षदों, कार्यकर्ताओं से भेंट की और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में आकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराया।

# गौर जयंती पर शुरू होगी विधायक प्रज्ञा पीठ कोचिंग संस्थान - शैलेंद्र कुमार जैन विधायक

परिहार गर्जना न्यूज। सागर ।विधायक माननीय श्री शैलेंद्र कुमार जैन द्वारा आयोजित विधायक प्रज्ञा पीठ कोचिंग संस्थान का शुभारंभ बुंदेली माटी के सपूत,महान दानवीर डा हरिसिंह गौर की जन्म जयंती के अवसर पर किया जाएगा,यह निर्णय आज विधायक निवास पर आयोजित आयोजक मंडल की बैठक में विधायक माननीय श्री शैलेंद्र क्,मार जैन की अध्यक्षता में लिया गया, विधायक श्री जैन ने बताया कि विधायक प्रज्ञा पीठ प्रकल्प का शुभारंभ गौर जयंती के अवसर पर करने का निर्णय लिया है,इस परीक्षा को आयोजित करने का उद्देश्य तात्कालिक परीक्षाओं की विद्यार्थियों को तैयारी कराना है इसमें अभी तत्कालिक रूप से पी एस सी प्री परीक्षा की तैयारी के लिए बैच शुरू कर रहे हैं इसके बाद अन्य परीक्षाओं की तैयारी के बैचेस के लिए अलग से चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी,इसमें विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा शिक्षण किया जाएगा तथा चयनित अधिकारियों द्वारा भी विशेष क्लासेस ली जाएगी,प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से 100 बच्चों का चयन किया जाएगा,यह परीक्षा नि:शुल्क रहेगी,चयन परीक्षा के फॉर्म दीनदयाल उपाध्याय कला वाणिज्य महाविद्यालय,कन्या उत्कृष्टता महाविद्यालय, नाइट कालेज,एवं विधायक कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे,चयन के उपरांत 100 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा



इसमें पी एस सी प्री परीक्षा के बैच शुरू किया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से अरविंद जैन जिला शिक्षा अधिकारी ,डा धीरेन्द्र मिश्रा,,डॉ इला तिवारी,अरविंद जैन,डा निवेदिता मैत्रा, विनय मिश्रा,प्रासुख जैन,मनोज अग्रवाल,डा संजीव दुबे,अमित जैन उपस्थित थे।

# जो दान करेगा वह ऊंचाइयों पर पहुंचेगा- मुनिश्री विमल सागर

## -पंचकल्याणक महा महोत्सव के महापात्रों का हुआ चयन

## -पंच कल्याणक 9 से 15 दिसंबर तक खिमलासा में होगा

परिहार गर्जना न्यूज। सागर/ आचार्य श्री विद्यासागर मुनिराज के शिष्य, आचार्य श्री समयसागर महा मुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री विमल सागर महाराज,मुनि श्री अनंतसागर महाराज, मुनि श्री धर्मसागर जी महाराज, मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सान्निध्य में श्री त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर खिमलासा जिला सागर में ब्रह्मचारी विनय भैया बंडा के निर्देशन में 2 नवंबर को पंचकल्याणक महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन किया पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव का आयोजन 9 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया गया हैं। प्रमुख पात्र में भगवान के माता-पिता बनने का श्रीमती साधना संजय मोदी, सौधर्मइन्द्र डॉ संतोष,अजय (गुड्डु), शैलू, सचिन चौधरी, कुबेर इंद्र शीलचंद, अंकुर सिंघई ब्रह्मचारिणी संध्या दीदी, महायज्ञ नायक श्री देवेंद्र चौधरी श्रीमती मनोरमा चौधरी सार्थक, चीमू,विधि नायक प्रतिमा विराजमान कर्ता सुभाष चंद सौरभ श्रीमती सुलोचना मोदी (मुनि श्री आदिसागर जी महाराज के गृहस्थ के परिजन), राजा श्रेयांश खुशाल चंद्र ,राकेश रिमी चेतन, राजासोम प्रकाश चौधरी, ईशान इंद्र प्रमोद नायक,भरत चक्रवर्ती नेमीचंद,नीरज,गगन सराफ,सानत इंद्र अमर चौधरी परिवार, बाहुबली अमित (दीपू) चौधरी परिवार को प्राप्त हुआ इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री विमलसागर महाराज ने कहा कि सपना कभी अपना नहीं होता है, सब यहीं छूट जाएगा ,यह वास्तविकता है, जो अवसर का लाभ उठा लेते हैं वह ऊंचाइयों पर पहुंचते हैं, यह मंदिर वास्तु के अनुसार ठीक बना है, यहां एनर्जी मिलती व शांति मिलती है चारों दिशा में जब प्रभु विराजमान होंगे तो यह मंदिर ऊर्जा से परिपूर्ण हो जाएगा,शक्ति के अनुसार जो दान करते हैं वह बड़े बन जाते हैं,पुण्य छप्पर फाड़ कर मिलता है,जो दान करेगा वह ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।

# थाना देवरी पुलिस ने पकडी 35,400 रुपये की अवैध लाल मशाला शराब

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध रुप से शराब बैचने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके तारतम्य में थाना देवरी पुलिस को दिनांक 31.10.2024 को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मानेगांव तिराहा डुंगरिया रोड पर एक व्यक्ति अवैध शराब बेचने रखे है जिसकी सूचना प्राप्त हुई थी। श्रीमान अति पुलिस अधीक्षक लोकेश सिंह तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवरी शशिकांत सरयाम, थाना प्रभारी देवरी निरी. संधीर चौधरी मार्गदर्शन में उनि. निशांत भगत, आर. वीरेन्द्र, आर. राजीव, आर. पूरन, आर. मुकेश को सूचना की तस्दीक हेतु मानेगांव तरफ रवाना किया गया जो डुंगरिया रोड ग्राम मानेगांव में पंहुचकर सूचना तस्दीक सही पाई गई आरोपी मनोज अहिरवार निवासी ग्राम पिपरिया जैतपुर के कब्जे से प्लास्टिक की बोरी में रखी 7 खाकी रंग की पेटियां जिसमें 50-50 रखे थे तथा 4 खुले क्वार्टर कुल 354 पाव देशी लाल मशाला कुल 63.72 बल्क लीटर की. 35,400 रुपये की बिना लायसेंस अवैध शराब को मौके पर



जप्त किया गया। आरोपी को मामलें में गिरफतार किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना देवरी के उनि. निशांत भगत, आर. वीरेन्द्र, आर. मुकेश, आर. पूरन, आर. राजीव का सराहनीय कार्य रहा है।

# 5 नवंबर को जाएगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के तीर्थयात्री

## काशी बनारस अयोध्या की करेंगे तीर्थ यात्रा

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के अंतर्गत सागर जिले की तीर्थ यात्री 5 नवंबर 2024 को काशी बनारस अयोध्या के लिए रवाना होंगे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी तीर्थ यात्रियों से उनकी सफल तीर्थ यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है उन्होंने कहा कि सभी तीर्थ यात्री तीर्थ यात्रा के दौरान काशी बनारस और अयोध्या में दर्शन करेंगे। उन्होंने तीर्थ यात्रा के लिए डिप्टी कलेक्टर विजय डहेरिया को नोडल अधिकारी बनाया है । श्री विजय डहेरिया ने बताया कि सभी तीर्थ यात्री सागर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक एक से मंगलवार 5 नवंबर 2024 को दोपहर 1:40 पर स्पेशल ट्रेन के माध्यम से तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होंगे ।उन्होंने बताया कि सागर जिले से 279 तीर्थ यात्री तीर्थ यात्रा पर रवाना होंगे उन्होंने कहा कि सभी तीर्थ यात्री अपने-अपने नगरी निकायों से टिकट प्राप्त कर ले और अपने साथ आधार कार्ड अवश्य रखे।

# भाई दोज- बहिनों ने भाईयों के माथे पर लगाया मंगल टीका, मिले उपहार

## बाजारों में रही रौनक, जमकर हुई खरीददारी

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। दीपावली के बाद आज रविवार को नगर सहित समस्त गांवों में आज रविवार को भाई दोज का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर बहिनों ने अपने भाईयों को मंगल टीका लगाया और आशीर्वाद दिया। भाईयों ने भी बहिनों को ढेर सारे उपहार दिए। भाई-बहिन ने आज टीका आदि के पश्चात भोजनादि साथ किया। कहा जाता है कि इस पर्व की शुरूआत मृत्यु के देवता यम ने अपनी बहिना यमुना से टीका कराकर की थी। उन्होंने अपनी बहिन के आग्रह पर वरदान भी दिया था कि आज द्वितीया के दिन जो भाई अपनी बहिन के हाथ का बना भोजन करेगा, उसे कभी भी अकाल मृत्यु नहीं आएगी और वह अन्य दुःखों से मुक्त रहेगा। भाई-बहिन के प्यार का यह त्यौहार यहां धूमधाम से मनाया गया। घरों में जहां बहिनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाया, वहीं आसपास रहने वाली मुंहबोली बहिनें भी थाल सजाकर मुंहबोले भाईयों को तिलक लगाने पहुंचीं। भाईयों ने बहिनों को उपहार आदि देने के साथ ही उनकी रक्षा का वचन दिया। इस संबन्ध में मनोज भामड़ी ने कहा कि वह कहीं भी रहें, लेकिन रक्षाबंधन और भाई दोज पर अपनी बहिन के साथ जरूर होते हैं और दोनों मिलकर राखी व दोज का त्यौहार मनाते हैं। आज भी उन्होंने अपनी बहिन से टीका कराया और आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार योगेश खरे, सौरभ खरे ने बताया कि उन्होंने अपनी बहिन सेजल व श्रुति से टीका कराकर आशीर्वाद लिया। बीजेपी युवा नेता राहुल तिवारी, रिक्की तिवारी ने बताया कि उन्होंने आज भाई दोज पर बहिनों से टीका कराया और आशीर्वाद लिया। मनीराम कठैल, देवेन्द्र योगी, दिनेश शर्मा, बद्री त्रिपाठी, देवेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र चतुर्वेदी सहित अनेक लोगों ने बताया कि उन्होंने भाई दोज पर अपनी बहिनों से टीका कराया और आशीर्वाद लिया। बाजारों में सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। रेडीमेड वस्त्रों एवं आभूषणों की दुकानों पर खरीददारी की गई। इसके साथ ही उपहार खरीदे गए और मिठाईयां ली गई।



***कलम-दवात की हुई पूजा-***

कायस्थ बंधुओं ने आज भाई दोज पर सुबह से ही घरों में कलम दवात की पूजा की और भगवान चित्रगुप्त की आरती उतारी। बताया गया है कि कायस्थ बंधुओं के लिए यह त्यौहार खास है। इसी प्रकार होली की दोज पर भी पूजा-अर्चना की जाती है। इस संबन्ध में मुरारी श्रीवास्तव में बताया कि कायस्थ बंधु भाई दोज पर भगवान चित्रगुप्त एवं कलम दवात की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। इस दौरान चित्रगुप्त मंदिरों में भी आज पूजा-अर्चना की गई। अमझरा घाटी पर स्थित चित्रगुप्त मंदिर के अलावा नगर में स्थित चित्रगुप्त मंदिर पर कायस्थ भाईयों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। सभी ने एक दूसरे को भाई दोज की बधाईयां दीं। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, अभिषेक खरे रानू, अंशुल खरे, विभा श्रीवास्तव, सीमा-पंकज श्रीवास्तव, मीरा खरे, राकेश खरे ठेकेदार, शिव कुमार श्रीवास्तव, योगेश खरे, मधुलिका भटनागर, संजीव श्रीवास्तव, श्रवण खरे, आशीष श्रीवास्तव, जय खरे, विष्णु श्रीवास्तव, गिरीश खरे, सूर्य प्रकाश खरे, मनोज खरे, रमेश खरे, संजीव श्रीवास्तव, रोहित खरे, किरण कुमार, पंकज खरे, विनोद खरे, राजीव खरे, ऋषभ खरे, शिव नारायण, प्रतीक खरे रानू, सुनीता-अशोक खरे, सुनीता-बृजेश खरे,अजय खरे, आलोक खरे, रवि श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश खरे, प्रमोद खरे, सुरेन्द्र खरे, संजय खरे, सोनू श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, अनुज सिन्हा, मुरारी लाल श्रीवास्तव, अंबिका प्रसाद खरे, राजेश खरे, बृजेश खरे, अंकित खरे, आकाश भटनागर, प्रियंक खरे, दीपांक खरे, अंबुज खरे, दीपक श्रीवास्तव सहित अनेक कायस्थ बंधुओं के नाम शामिल हैं।

***नैनों में आंसू लिए बहिनों ने अपने बंदी भाईयों को दी ढेरों दुआएं***

आंखों में आंसू और दिल में दुआएं लिए बहिनों ने आज जिला जेल पहुंचकर अपने बंदी भाईयों के माथे पर मंगल टीका लगाया और आशीर्वाद दिया। भाई दोज पर जिला जेल टीकमगढ़ में परिरूद्ध बंदियों को प्रातः 8ः30 से 2 बजे तक विशेष मुलाकात प्रदाय की गई। इस दौरान बढ़ी संख्या में बहिनों ने पहुंचकर अपने भाईयों को टीका लगाया और आशीर्वाद दिया। बताया गया है कि आज जिला जेल में भी भाई दोज मनाई गई। रविवार 3 नवम्बर 2024 को भाईदोज के अवसर पर जिला जेल टीकमगढ़ में परिरूद्ध बंदियों को प्रातः 8ः30 से 2 बजे तक विशेष (खुली मुलाकात) मुलाकात प्रदाय की गई थी। मुलाकात हेतु निर्देश प्रसारित किए गए थे। इन निर्देशों के अनुसार विशेष मुलाकात हेतु केवल बहिनों तथा उनके साथ आने वाले 6 साल तक के बच्चों को ही प्रवेश दिया गया। अन्य परिजनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहा। मुलाकात की अवधि अधिकतम 10 मिनिट रही, समय पूरा होते ही चेहरे मायूस और आंखों को नम किए बहिनें अपने भाईयों से विदा ले गई। बताया गया है कि मुलाकात पर आने वाली सभी बहिनें अपने साथ स्वयं के आधारकार्ड या अन्य पहचान पत्र की छायाप्रति लाईं, जिनके पास पहचान पत्र नहीं था, वह उदास ही लौट गईं। भाईदोज में लगने वाली सामग्री (कुमकुम, नारियल, रूमाल एवं मिठाई इत्यादि) जेल पर निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहे, जिसे बहिनें आवश्यकतानुसार क्रय कर सकीं। कोई भी बहिन प्रतिबंधित सामग्री (बीडी, तम्बाकू, गुटखा, रूपये) एवं इलेक्ट्रिानिक आइटम (घड़ी, मोबाईल, हैडफोन इत्यादि) लेकर जेल परिसर में प्रवेश नहीं कर सकी। जेल अधीक्षक प्रतीक जैन ने बताया कि यहां कुल 134 बहिनों ने अपने भाईयों को टीका लगाया और दोज का पर्व मनाया। इस अवसर पर सुरक्षा और शांति व्यवस्थाएं की गईं। आने वाली बहिनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया।

# पार्षद पति के साथ हुई मारपीट, जिला अस्पताल में किया जा रहा उपचार

## शहर में अचानक बढ़ी मारपीट की घटनाएं, लोगों में बढ़ी चिंता

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। बीते रोज शहर में मारपीट की अनेक घटनाएं होने से लोगों में सनसनी फैली रही। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। फरियादियों की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बताया गया है कि शहर के वार्ड नंबर एक की महिला कांग्रेस पार्षद के पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। उन्होंने मोहल्ले के तीन लोगों पर लोहे के सरिया से हमला करने के आरोप लगाए हैं। घटना में घायल पार्षद पति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वार्ड नंबर 1 की कांग्रेस पार्षद सीताबाई कुशवाहा ने बताया कि शनिवार रात मेरे पति वीरेंद्र कुशवाहा खेत से घर लौट रहे थे। देर रात करीब 11ः30 बजे मोहल्ले के तीन लोगों ने उनके ऊपर लोहे के सरिया से हमला कर दिया। घटना में वीरेंद्र कुशवाहा के सिर और हाथ पैर में चोट आई है। गंभीर हालत में देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीता बाई ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मोहल्ले के तीन आरोपियों द्वारा मारपीट की है। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज करा दी है। फि लहाल पार्षद पति को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया है कि घटना की जानकारी लगते ही रविवार को नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष बीजेपी पार्षद अभिषेक खरे जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना के बारे में कांग्रेस पार्षद सीताबाई से पूंछतांछ की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मारपीट करने वाले तीनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी गई है। इस मामले में कोतवाली थाना प्रभारी पंकज शर्मा ने बताया कि घटना देर रात की है। आज सुबह अस्पताल पुलिस चौकी से जानकारी मिली है। पीड़ित के बयान दर्ज करने के बाद आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार शहर में अनेक स्थानों पर विवाद होने की चर्चाएं गर्म हैं।




# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया 12 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पलेरा थानान्तर्गत बीते रोज हुई दुष्कर्म की घटना के आरोपी को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की। आरोपी के गिरफ्तार होने पर पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली। बताया गया है कि 02 नवम्बर 24 को थाना पलेरा अंतर्गत निवासरत 18 वर्षीय युवती ने थाना पलेरा मे आकर रिपोर्ट किया कि 02 नवम्बर 24 को नन्दू उर्फ निरपत पुत्र वीरेंद्र जादौन उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पडुआ थाना पलेरा जिला टीकमगढ़ द्वारा फ रयादिया के खेत पर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया है। आवेदिका की रिपोर्ट पर थाना पलेरा पर अपराध क्रमांक 366/24 धारा 64 (1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मण्डलोई द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना पलेरा पुलिस द्वारा आरोपी नन्दू उर्फ निरपत जादौन को 12 घण्टे के अन्दर ग्राम पडुआ थाना पलेरा जिला टीकमगढ़ से गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पलेरा निरीक्षक मनीष मिश्रा, उनि जयेंन्द्र गोयल, आरक्षक ग्यान सिंह सेंगर, लक्ष्मन पटेल, भास्कर मिश्रा, राम कृष्ण कुर्मी, महिला आरक्षक महलका फ रहीन की सराहनीय भूमिका रही।



# दस लाख का सेल्फी प्वाइंट हुआ धराशाई कलेक्टर बंगला के सामनें दो वर्ष पूर्व हुआ था निर्माण




**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिलें में विकास के अनेक कार्य किये जातें है, लेकिन उनका रख रखाव न होने के कारण शासकीय राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है, क्योकि निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद उसका रख रखाव संबंधित विभाग द्वारा नहीं किया जाता है। इसी प्रकार का मामला पहाड़ कोटी स्थित कलेक्टर बंगला के सामनें सेल्फी प्वाइंटा निर्माण सौंदरीकरण के तहत कार्य कराया गया था। जिसमें लगभग दस लाख की राशि स्मार्ट सिटी योजना के तहत की गई थी। लेकिन उसका रखरखाव न होने के कारण उक्त निर्माण कार्य धराशाई हो गया तथा उसमें लगी रैलिंग, टाईल्स, लाईट, दरवाजे सहित अन्य सामग्री कवाड़ी तथा अन्य लोग उखाड़कर ले गये तथा वह जरजर हालत में पंहुच गया है। इस प्रकार से और भी अनेक कार्य कराये जातें है। लेकिन रखरखाव के आभाव में शासकीय राशि का भारी दुर्पयोग हो जाता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से निर्माण कार्यो की देखरेख कराये जाने की मांग की है।

# मध्य प्रदेश के पूर्व ग्रहमंत्री कैप्टन जयपाल सिंह का दु:खद निधन

## जिलें में शोक का माहोल

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता रहें पूर्व ग्रहमंत्री कैप्टन जयपाल सिंह का दिनांक दो नवम्बर को दु:खद निधन हो गया। वह लगभग 80 वर्ष के थें, उन्होने अपनी पन्ना निज निवास में अतिंम सांस ली तथा उनका अतिंम संस्कार इन्द्रपुरी कालोनी स्थित शमसान घाट में किया गया। श्री सिंह को उनके इकलौते पुत्र जगतपाल सिंह बाबी राजा ने मुखाग्नि दी। अतिंम शव यात्रा में हजारों की संख्या में नगर तथा जिले के लोग शामिल हुए। श्री जयपाल सिंह अभीभाजित मध्य प्रदेश के कद्दावर नेता रहें है। उनका राजनैतिक सफर सन् 1980 से शुरू हुआ तथा वह पहला विधानसभा चुनाव सन् 1980 में पवई विधानसभा क्षेत्र से लडें विधायक बनें तथा



तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की कैबनेट मे संसदीय सचिव उपराज्य मंत्री एवं ग्रह राज्य मंत्री बनाये गयें। फिर वह सन् 1985 में फिर से पवई विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए एवं मोतीलाल बोरा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाये गयें। श्री बोरा के कैबनेट में कैप्टन जयपाल सिंह फिर से कैबनेट मंत्री बनाये गयें तथा उन्हे आधा दर्जन से अधिक विभागों का दायित्व सौपा गया। जिसमें ग्रह, विमानन, जन संपर्क, संसदीय कार्य, बीस सूत्रीय जैसे बडे मंत्रालय दिये गयें तथा उन्हे मिनी मुख्यमंत्री के नाम से जाना जाता था। श्री सिंह पन्ना जिला सहित बुन्देलखंड के सबसे कद्दावर नेताओं मे उनका सुमार था, वह पूर्व प्रधनमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के भी निकटतम लोगो में से एक थें। श्री सिंह नें अपने दस वर्षीय कार्यकाल के दौरान जिलें में अनेक विकास कार्य कराये तथा निर्वाचन क्षेत्र पवई विधानसभा क्षेत्र में अनुविभाग स्तर के कार्यालयों की स्थापना कराई जिसमें तहसील, विकासखंड, सहित अनेक कार्यालयों का संचालन कराया। उनके कार्यकाल के दौरान अनेक सिचाई परियोजनाओं को भी प्रारंभ कराया। पवई क्षेत्र के सबसे बड़ी सिचाई परियोजना अमहा बांध का निर्माण उन्ही के कार्यकाल में हुआ था। जिसके माध्यम से हजारों किसानों की जमीन सिंचित हो रहीं है। श्री सिंह के निधन पर पन्ना जिले में राजनैतिक शुन्यता को भरा नहीं जा सकता है। उनके निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारीयों समाजसेवीयों, सामजिक कार्यकर्ताओं तथा आम जनों नें गहन शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धजांलि अर्पित की है तथा शोकाकुल परिवार को उक्त बज्रपात सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# मध्य प्रदेश बनने के बाद पन्ना को कैसे बनाया गया जिला-सूर्यभान सिंह परमार

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश की रचना फरवरी 1948 को विंध प्रदेश की रचना हुई, बुन्देलखंड व बघेलखंड की कुल 35 रियासतों को मिलाकर विंध प्रदेश यूनियन बना, जिसकी राजधानी नौगांव बुन्देलखंड में बनाई गई। जिसके मुख्यमंत्री कामता प्रसाद सक्सेना बनाये गयें छतरपुर से राम सहाय तिवारी, टीकमगढ़ से लालाराम वाजपेयी, पन्ना तथा नागोद से गोपाल शरण सिंह मंत्री बनें तथा मुख्य सचिव आईसीएस सीवी राव नियुक्त किये गयें। जुलाई 1948 कों रीवा नोगांव बुन्देखंड में मिला लिया गया। जिसमें नोगांव से राजधानी रीवा ले जाई गई। पुन: मंत्री मंडल का गठन हुआ, जिसमें कप्तान अवधेश प्रताप सिंह मुख्यमंत्री बनें तथा



राव साहब चुरहट, नर्मदा प्रसाद सिंह एवं राममणि तीन मंत्री बघेलखंड से तथा गोपाल शरण सिंह एवं कामता प्रसाद सक्सेना दो मंत्री बुन्देलखंड से चुनें गयें, साठ विधायकों की विधानसभा बनीं जिसके विधानसभा अध्यक्ष पंडित मेवालाल एवं विधानसभा उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर दतिया चुनें गयें। 31 अक्टूबर 1956 तक विंध्य प्रदेश शासन सुचारू रूप से चला 01 नवम्बर 1956 को मध्य भारत महाकौशल, विंध्य प्रदेश एवं भोपाल प्रदेश को विलीन करकें मध्य प्रदेश की रचना हुई। लेकिन पन्ना के साथ में एक घटना घटी की जिस समय नोगांव से राजधानी रीवा ले जाई गई उसी समय पन्ना को नागोद मे सम्मलित करकें नागोद जिला बना लिया गया, जिस पर पन्ना के हजारो लोगो नें जन प्रतिनिधियां ने बड़ा आन्दोलन खड़ा करके पन्ना जिला बनाने की लड़ाई लड़ी। उक्त लडाई में कैप्टन जयपाल सिंह के पिता श्री दरिआव सिंह जो उस समय प्रजामंडल के अध्यक्ष थें, शंकर सिंह रानीगंज, रूद्र सिंह, लाल मोहम्मद, हाजीअली, खुदाबक्श, गुलई कम्पाउन्डर, मोहन लाल शुक्ला, प्रेम चन्द्र जैन, लल्ली सिंघई आदि लोगो ने धरना प्रदर्शन किया। लेकिन इसका कोई प्रभाव विन्ध्य प्रदेश सरकार पर नहीं पड़ा। तब यहां के पुराने सामंत जागिरदार जैसे की ईश्वर सिंह जागीरदार बराछ, भोपाल सिंह जागीरदार महोड़, जगतराज जागीरदार इटोरी, दीवान श्री खूब सिंह जागीरदार लुधनी, सहित तत्कालीन महाराजा यादवेन्द्र सिंह जू देव से उनके राजमहल में मिले और पन्ना को जिला बनाने के बारें मे चर्चा हुई जिस पर पन्ना महराजा यादवेन्द्र सिंह जू देव ने एक पत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद तथा मोतीलाल नेहरू, पंडित जवाहर लाल नेहरू के पिता जी एक पत्र लिखा। जिस पर भारत के प्रथम राष्ट्रपति श्री राजेन्द्र प्रसाद नें एक औपचारिक आदेश जारी किया, कि नागोद से जिले के सभी कार्यालय पन्ना लाये जायें और पन्ना को जिला बनाया जाये। आदेश की तमीली में नागोद से जिले के सभी कार्यालय पन्ना लाये गये, और पन्ना को जिला बनाया गया। कार्यालय को चलाने के लिए पन्ना महाराजा यादवेन्द्र सिंह जू देव नें महेन्द्र भवन पैलेस सहित सभी कार्यालयों मे लिए भवन दिये गयें। उक्त भवनामें जिले के सभी कार्यालय संचालित हुए, जो अभी सन् 2018 तक सुचारू रूप से चलते रहें। नवीन कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण होने पर जिले के सभी कार्यालय महेन्द्र भवन पैलेस से नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय में हस्तानान्तरित किये गयें। तत्कालीन समय में पन्ना जिले से चार विधायक हुआ करते थें उस समय श्री राजा बहादुर नरेन्द्र सिंह जू देव, सरजू प्रसाद चनपुरिया, लाल मोहम्मद, एवं भूरा गोड़ पन्ना जिला से चार विधायक बने थें। लेखक सूर्यभान सिंह परमार बुन्देलखंड के इतिहासकार एवं लेखक विश्व पर्यावरण, जलवायु परिर्वतन एवं वन्य जीव संरक्षण आदि।

# ग्राम पंचायत कुंवरपुर के सचिव ने जेसीबी से खुदवाडाली तालाब की मेंड़ ग्रामीणो ने किया विरोध

पन्ना/पवई जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुंवरपुर के दबंग सचिव प्रीतम सिंह नें ग्राम पंचायत में स्थित बच्चू आदिवासी की तलैया के नाम से बनें तालाब की मेढ़ को जेसीबी के माध्यम से खुदवा दिया गया है। जिससे आमजनों का निकलना मुश्किल हो गया है तथा आम रास्ता भी बुरी तरह से अवरूद्ध हो गई है। उक्त संबंध में ग्रामीणो द्वारा विरोध भी किया गया। लेकिन संबंधित सचिव द्वारा ग्रामीणो के विरोध का सचिव पर कोई असर नहीं पड़ा है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत मे पदस्थ सचिव प्रीतम सिंह अनेक कार्यनामों के चलते चर्चाओं मे रहते है। इनके द्वारा ग्राम पंचायत में अनेक निर्माण कार्य जेसीबी मशीन से ही करवाये जाते है तथा मजदूरो को मजदूरी का कार्य नहीं दिया जाता है। लोगो द्वारा लगातार शिकायते करने के बावजूद भी इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने संबंधित मामले में जांच कराये जाने तथा दोषी सचिव के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।



# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी प्रधानमंत्री सड़क योजना



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले की अमानगंज गुनौर विधानसभा क्षेत्र के बीच के ग्राम झरकुंआ से मकरदगंज सिमरिया कटकहा नदी पुल तक प्रधानमंत्री सड़क योजना से सड़क का निर्माण कार्य किया गया था। जिसमें ठेकेदार द्वारा सड़क को बनाने के लिए करोड़ो रूपये का बजट खर्च किया गया। उक्त सड़क का कार्य जून 2024 में पूर्ण हुआ था लेकिन छह माह के अन्दर ही सड़क का डामर उखड़ गया है तथा सड़क गड्ढो मे तब्दील हो गई है। इस प्रकार जिलें में निर्माण कार्य चल रहें है। छह माह के अन्दर ही करोड़ो रूपये के निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहें है। लोगो की मांग तथा अनेक प्रयासो के बावजूद सड़क एवं पुलों का निर्माण होता है, लेकिन ठेकेदार एवं संबंधित विभाग के जिम्मेवार अधिकारीयों द्वारा गुणवत्ताहीन तथा घटिया मटेरियल उपयोग करकें निर्माण कार्य किया जाता है। जिसके चलतें निर्माण कार्यो की स्थिती बदतर बनीं हुई है तथा शासन की राशि व्याप्क स्तर पर दुरपयोग होता है। स्थानीय क्षेत्रीय लोगों में संबंधित सड़क निर्माण कार्य की जांच कराने एवं दोषियां के खिलाफ कार्यवाहीं करने की मांग की है।

# अन्नकूट का कार्यक्रम पहले छोटे पैमाने पर होता था, आज जरारूधाम गौशाला में हरियाली दिखती है-पंचायत मंत्री श्री पटेल

**-इस बार एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य, जरारूधाम में गौवंश की संख्या 2086 हो गई है**

**-अन्नकूट का यह कार्यक्रम लगातार जब से गौशाला बनी है,तब से चल रहा है-राज्यमंत्री श्री लोधी**

**-जिले के लोग यहां मिल जाते हैं तो यह एक बड़ा समागम हो जाता है-सांसद श्री सिंह**

**-एक पेड़ जरूर लगायें-जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटेल**

**-जरारूधाम में दीपावली मिलन एवं अन्नकूट का कार्यक्रम हुआ संपन्न**





**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 03 नवम्बर। जरारूधाम के 8 साल पूरे हो गए हैं, 9 वां वर्ष शुरू हो गया है। अन्नकूट का कार्यक्रम पहले छोटे पैमाने पर होता था, तब सभी यहां को सूखा दिखता था, आज हरियाली दिखती है। कुछ नए काम भी शुरू किए हैं, इस बार गौवंश की संख्या 2086 हैं, जो रजिस्ट्रेशन पशु चिकित्सा विभाग ने किया है। इस बार नई व्यवस्था ज्वार और मक्के के कर्वी से हुआ है, 400 ट्राली मिलने के बाद अब हम आश्वस्त हो गए हैं कि भोजन का संकट नहीं होगा। नर्सरी में 20 हजार पौधे तैयार हुए हैं, इस बार का लक्ष्य एक लाख पौधों का है, यह हम 10 लाख तक पहुंचाने का काम करेंगे। यह बात प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने आज जिले के बटियागढ़ विकासखण्ड के ग्राम मगरौन समीप स्थित जरारूधाम में दीपावली मिलन और अन्नकूट कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर संस्कृति पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद श्री राहुल सिंह, विधायक हटा उमादेवी खटीक, विधायक बण्डा वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, जनपद अध्यक्ष दमोह प्रीति कमल ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, खासतौर पर मौजूद थे।

पंचायत मंत्री श्री पटेल ने कहा इस बार ठंड से यहां तहसील स्तर या जिला स्तर की खेल गतिविधि शुरू की जायेंगी, दुग्ध कलेक्शन का काम और दुग्ध उत्पादन का काम का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। इस मौके पर मंत्री श्री पटैल ने गौशाला में गौमाता का पूजन कर प्रसाद खिलाया। पंचायत मंत्री श्री पटेल ने दीपावली के पांच दिवसीय महोत्सव की सभी को शुभकामनाएं दी और कहा आज भाई दूज का दिन है, कुछ संकल्प लेकर जाइए, कुछ सुझाव देकर जाइए, ताकि यह संस्थान चलता रहे और अपने यश और गौरव की इस प्रतिष्ठा को बढ़ाता रहे। यह अन्नकूट का कार्यक्रम है, कोई भी यहां आ सकता है किसी पर प्रतिबंध नहीं है।

पंचायत मंत्री श्री पटेल ने कहा नर्मदा सेवा खण्डा में हमारे अध्यक्ष और जितने पदाधिकारी हैं वह सब 55 साल से लेकर 68 साल की उम्र के लोग हैं जो समिति के सदस्य है, पदाधिकारी है वह 8 साल से काम कर रहे हैं, लेकिन यह व्यवस्था आगे तक चलनी चाहिए। इस बार प्रस्ताव रखा की 40 साल से कम उम्र के लोगों के साथ में बैठूंगा 42 साल से जो परंपरा चल रही है उसको चलाने वालों की उम्र कितनी होगी। उन्होंने कहा यदि आपको यहां कुछ लाना है तो गौ माता को खाने का या उसके उपचार के लिए कोई चीज जो आपके पास हो वह लेकर आईये तो अन्नकूट का योगदान ज्यादा बेहतर होगा। यदि हम यह तय कर ले की आएंगे तो कुछ ना कुछ योगदान करके जाएंगे। हमारे जितने भी काम करने वाले लोग हैं वह ऐसे सेवा भावी लोग हैं। संस्थान में जितने भी प्रारंभ से काम करने वाले लोग हैं वह मजदूर नहीं है उनके कारण ही या सफलता यहां तक पहुंची है, उनके बच्चों का भविष्य का जितना भी हमारे पास में संसाधन है, उनकी पढ़ाई चाहे उसमें कितना भी खर्च लगे हम संस्थान की तरफ से ही देंगे उनके ऊपर बोझ नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा नरेंद्र जी के पुत्र भोपाल में पढ़ रहे हैं और तुलसी का बेटा सागर में पढ़ रहा है, सारा खर्चा संस्थान उठायेगा उनके पास में प्रधानमंत्री आवास होंगे लेकिन उन सभी का एक-एक मकान इस प्रांगण में हम उन्हें बनाकर देने वाले हैं।

पंचायत मंत्री श्री पटेल ने कहा हमारी तैयारी है कि आगे जहां 10000 पौधों का वृक्षारोपण हुआ है उसी से लगा हुआ वह संस्थान का हिस्सा है जहां पर ट्रेनिंग शुरू करेंगे और उसके बाजू में एक तालाब बनाने की योजना है एक योजना दुग्ध व्यवस्था की है कि यहां पर 100-200 गायें रखकर दुग्ध बैंक शुरू किया जाए ताकि आसपास के गांव के लोगों से दूध खरीद कर संस्थान ले जाकर पहुंचाये। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने सभी को दीपावली के पावन पर्व और अन्नकूट के कार्यक्रम की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आज अन्नकूट का यह कार्यक्रम लगातार जब से गौशाला बनी है, तब से चल रहा है। मंत्री श्री प्रहलाद पटेल जी के नेतृत्व में यह गौशाला बहुत अच्छे तरीके से संचालित हो रही है, इसमें सभी लोग बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं माँ लक्ष्मी से प्रार्थना करता हूं कि है मां सब सुखी हो, सब निरोगी हो, सभी का मंगल हो, सभी का कल्याण हो।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा मंत्री श्री प्रहलाद पटेल जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि निरंतर यह कार्यक्रम चल रहा है। यह कैलेंडर में एक तारीख सा बना हुआ है की हर वर्ष दिवाली के बाद जब अन्नकूट का कार्यक्रम होगा, जिसमें दमोह संसदीय क्षेत्र के सभी लोग तो मिलते हैं, लेकिन मंत्री श्री पटेल के आने के कारण बाहरी जिले के लोग भी यहां मिल जाते हैं, तो यह एक बड़ा समागम हो जाता है। उन्होंने कहा मां नर्मदा से बस यही प्रार्थना करूंगा कि सुख, शांति, समृद्धि, यश, वैभव सभी को दें और यह क्रम निरंतर चलता रहे, हर वर्ष हम सभी यहां पर मिले यह प्रार्थना है। आप सभी को दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीत गौरव पटेल ने दीपावली के पावन पर्व की और भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा जब में जरारू धाम पहली बार आई थी तब यहां बड़ी संख्या में पेड़ लगाए गए थे, पंचायत मंत्री जी का और हम सभी का यह मानना है कि पेड़ लगाने बस से कुछ नहीं होता है, जब तक पेड़ जीवित न हो, तब ही हमारी सफलता है कि पेड़ खड़ा होकर किसी को छाया दे रहा है, फल दे रहा है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुये कहा जब हमारे बच्चों का जन्मदिन हो, हमारा जन्मदिन हो या कोई भी पर्व हो तब हम एक पेड़ जरूर लगाए। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा मां भगवती से प्रार्थना करती हूं कि आप सभी सुखी, संपन्न और समृद्ध रहे।

इस अवसर पर बंडा विधायक बीरेन्द्र सिंह लोधी, पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी ने नर्मदा सेवा खण्ड के अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज सहित पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व विधायक हटा पीएल तंतुवाय, पूर्व विधायक बंडा प्रदुम्न सिंह लोधी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटैल, पं. सतीश तिवारी, नर्मदा खंड सेवा संस्थान से शंकर महन्तो जी, पाटन नगरपालिका अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह, रामेश्वर चौधरी, नरेन्द्र बजाज, गोपाल पटैल, नरेन्द्र व्यास, कपिल शुक्ला, गौरव पटैल, ओएसडी डॉ. सीएल पटैल, रूपेश सेन, सुशील गुप्ता, सोमेश गुप्ता, अनुपम सोनी, कैलाश शैलार, राजकुमार सिंह, संजय यादव, नर्मदा सिंह एकता, पं.कृपाल पाठक, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र दुबे, गौरव पटैल, इंजीनियर अमर सिंह राजपूत, रंगकर्मी राजीव अयाची, रामकली तंतवाय, गंगाराम पटेल, राजेन्द्र पटैल, कविता बजाज, हाकम सिंह ठाकुर, राजू ठाकुर, रशीद खान सहित बड़ी संख्या में जिला पंचायत, जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि और पदाधिकारी, सरपंच, पंच, नर्मदा खंड सेवा संस्थान के पदाधिकारी और सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं सम्मानीय मीडियाजन मौजूद थे।

## राज्यमंत्री श्री लोधी ने बुंदेलखंड की प्राचीन परंपरा अनुसार दीपावली पर्व पर गायन और नृत्य का किया आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~03 नवम्बर। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के द्वारा उनके निज निवास नोहटा में दीपावली के अवसर पर आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह पर जबेरा विधानसभा के कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी सम्मिलित होने पहुंचे, जहां राज्यमंत्री श्री लोधी ने सभी को पुष्प माला एवं तिलक लगाकर स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान बुंदेलखंड की प्राचीन परंपरा का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यमंत्री श्री लोधी ने ढोलक बांधकर नृत्य करते हुए गायन किया। इस दौरान उपस्थित सभी क्षेत्रवासी भी राज्यमंत्री श्री लोधी के साथ नृत्य करते हुये नजर आए।



## स्थापना दिवस कार्यक्रम के कलाकारों और छात्रों से मिले कलेक्टर श्री कोचर

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~03 नम्बर। नगर के स्कूल और कॉलेज में अध्ययनरत समूह नृत्य के कलाकारों से मिलकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने उनका उत्साह वर्धन किया और उनके द्वारा कला क्षेत्र में दिये जा रहे योगदान की सराहना की। उन्हें कला संस्कृति और शिक्षा के फील्ड में आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया। उल्लेखनीय है कि ये सभी कलाकार, मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता और प्रस्तुति देंगे। इस दौरान अंजली, रिया, नैन्सी गुप्ता, अंशु यादव, भूमि यादव, तनु चौरसिया, श्रृद्धा असाटी, शिवानी रजक, सौम्या, पलक, इशिका विश्वकर्मा आदि की सहभागिता रही। इस अवसर पर कला संस्कृति कर्मी डॉक्टर आलोक सोनवलकर भी उपस्थित रहे।

# न्यायालय के माध्यम से भव्य श्री कृष्ण जन्मभूमि से अतिक्रमण अवश्य हटेगा - दुर्ग विजय सिंह शाक्य

## 21 नवंबर धर्म संसद जन चेतना का माध्यम- विभाग प्रचारक गोविंद जी



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा भारतीय जनता पार्टी के ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह शाक्य आज मथुरा एवं गोवर्धन पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, सर्वप्रथम श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के कार्यालय पर श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्ष कार दिनेश शर्मा ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का न्यास के पदाधिकारी के साथ स्वागत किया,न्यास के राष्ट्रीय सलाहाकार लक्ष्मीकांत शास्त्री ने पटुका पहनाया एवं 21 नवंबर को होने वाली धर्म संसद का निमंत्रण पत्र दिया. हिंदूवादी दिनेश शर्मा ने न्यायालय में लड़ी जा रही कृष्ण जन्मभूमि की लड़ाई के विषय में अब तक हुए सभी पहलुओं पर विस्तार से बताया,भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह शाक्य ने कहा कि भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण लीलाधारी है,वह जब चाहेंगे सत्य को उजागर कर अवैध अतिक्रमण के स्थान पर दिव्य मंदिर की परिकल्पना को साकार करेंगे. लोकतंत्र के इस देश में न्यायालय ही सर्वोच्च है. दिनेश शर्मा जैसे कृष्ण भक्त माध्यम बन संकल्पित होकर अन्न व पादुका त्याग धर्म की लड़ाई लड़ रहे हैं. ईश्वर हमेशा सत्य के साथ रहता है जीत अवश्य मिलेगी, संत लक्ष्मीकांत शास्त्री एवं संघ के विभाग प्रचारक गोविंद जी ने कहा कि धर्म संसद के माध्यम से हिंदू जनमानस में जन चेतना का संचार होगा. संत महंतों के सानिध्य में होने वाले कार्यक्रम से हिंदू जनमानस एकता के सूत्र का वरण करेगा. ताकि विध्वंसक शक्तियों को समाप्त किया जा सके. दुर्जनों का जागना, सज्जनों का सोना किसी भी समाज के लिए अच्छा नहीं होता. भाजपा जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा कि हिंदू एकता के लिए जाति ,पंथ संप्रदाय में बाँटना हमेशा घातक सिद्ध हुआ है. अब हमें संयुक्त स्वाभिमान के साथ सजग एवं संकल्पित होना होगा ताकि राष्ट्र निर्माण में हमारी भूमिका मजबूत रहे. कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विभाग प्रचारक जी ने गिरिराज जी के दर्शन किये. इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय , युवा मोर्चा के अमन कौशिक,राजेश पुरोहित ,राष्ट्रीय महामंत्री अश्विनी शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक,जिला अध्यक्ष सुखराम सिंह, जयराम शर्मा, नरेश सिंह, राहुल गौतम, मोहनदास बाबा, रामदेव यादव आदि उपस्थित थे.

# कॉलेज तिराहा पर स्थित कोचिंग सेंटर के बाहर से बाइक हुई चोरी, चोर CCTV कैमरे में कैद

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/कॉलेज तिराहा पर स्थित कोचिंग सेंटर के बाहर से बाइक हुई चोरी चोर CCTV कैमरे में कैद।मिली जानकारी के मुताबिक कॉलेज तिराहा पर स्थित कोचिंग सेंटर के बाहर से एक चोर ने छात्र की बाइक चोरी की है। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने बीती रात अज्ञात चोर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र सिंह पिता ओंमकार सिंह यादव (43) निवासी देवल का बेटा प्रिंस यादव कॉलेज तिराहा स्थित एक कोचिंग सेंटर पर कोचिंग पढ़ने के लिए बाइक से गया था। जब वह कोचिंग पढ़कर वापस लौटा तो उसकी बाइक चोरी जा चुकी थी। उसने इसकी सूचना अपने पिता को दी, जिन्होंने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई, तो एक युवक बाइक क्रमांक एमपी 15 एमक्यू 0418 को चोरी करके ले जाते हुए दिखाई दिया। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की है। जिन्होंने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।


***इनका कहना है***

सीसीटीवी से कर रहे पहचान शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की जा रही है। **थाना प्रभारी अनूप यादव**

# पारस बाबा का हुआ महामस्तकाभिषेक शांतिधारा एवं पूजन

## छोटी बजरिया स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुआ आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/पारस बाबा का हुआ महामस्तकाभिषेक शांतिधारा एवं पूजन छोटी बजरिया स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुआ आयोजन छोटी बजरिया में स्थित श्री 1008 सहस्त्रफणी पारसनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर पारसधाम में पंडित हेमंत जैन ने पारस बाबा का महामस्तकाभिषेक शांतिधारा और पूजन किया। प्रथम अभिषेक का सौभाग्य डॉ. महेंद्र कुमार के परिवार और संजीव कुमार के परिवार को मिला। प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य रमेश चंद्र जैन, अभय आनंद, मानव मनुज, राजेश, निमित्त, विनोद, सौरभ गोयल परिवार को मिला। पंडित हेमंत जैन ने बताया कि पारसधाम के पारस बाबा बहुत अतिश्यकारी है। बहुत ही कम समय में इतना विशाल मंदिर बनकर तैयार हो गया है। यहां जो भी अपनी मनोकामना लेकर आता है खाली हाथ नहीं जाता है। जो भी बाबा की छवि एक बार निहार लेता है वह बार-बार दर्शन करने आता है। कार्यक्रम में रानी जैन, नीलू जैन आशा, मनीषा जैन, प्रियंका जैन, लीना जैन, आशा जैन, कल्पना, मंजू जैन, कमला जैन, रमेशचंद्र, कुंदन, अशोक, आर के जैन, यश जैन, इंजी. पारस जैन, सम्यक मुकेश, अनिल, सुनील, सौरभ, हर्ष, पवन, प्रवीण, संजय, प्रदीप आदि उपस्थित रहे।



# फिल्म स्टार शाइन शेट्टी पहुंचे बांके बिहारी की शरण में



परिहार गर्जना न्यूज। वृंदावन। साऊथ के फिल्म स्टार शाइन शेट्टी रविवार की सुबह ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। ठाकुर जी के दिव्यलौकिक छवि के दर्शन कर फिल्म स्टार अभिभूत हो गए। सेवायत गोस्वामी द्वारा विधिवत श्री शेट्टी की पूजा अर्चना सम्पन्न कराई गई।

दक्षिण भारतीय फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू बिखेरने वाले शाइन शेट्टी रविवार को अपनी फिल्म यूनिट के साथ कान्हा की नगरी पहुंचे। जहां ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। सेवाधिकारी गोपी गोस्वामी और श्री नाथ गोस्वामी द्वारा फिल्म स्टार को ठाकुर जी की प्रसादी पटुका और छप्पन भोग प्रसाद भेंट किया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनका वृंदावन आना पहली बार हुआ है। उन्होंने ठाकुर जी की छवि के बारे में जो कुछ सुना था। वो उससे भी बढ़कर सुंदर है। इनके दर्शन कर उनका जीवन धन्य हो गया।

# दीपावली दूज पर राधे राधे प्रभात फेरी मंडल ने सफाई सैनिकों का किया सम्मान

परिहार गर्जना न्यूज। बीना (सागर) बीना में कार्तिक माह की शुरू होने के साथ ही राधे राधे प्रभात फेरी मंडल लगातार रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार को लेकर आयोजन किए जा रहे हैं कार्तिक दूज के अवसर पर राधे राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा उन सफाई सैनिकों का सम्मान किया गया ।जिनकी बदौलत पूरा देश त्यौहार मानते हैं किंतु सफाई कर्मचारी महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवा प्रदान करते हैं, जो हमारे दैनिक जीवन और पर्यावरण के लिए आवश्यक है। किंतु आज भी जो समाज में सुधार होना चाहिए उसकी कमी नजर आती है इसी उद्देश्य को लेकर राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल ने नगर पालिका क्षेत्र में मां जागेश्वरी धाम से थाने के पीछे, सर्वोदय चौराहा से गांधी तिराहा महावीर चौक से मां जागेश्वरी मार्ग तक जितने सफाई कर्मचारी सफाई करते हैं उन सभी को सम्मान करते हुए उन्हें मीठा प्रदान किया गया और यह समाज में एक संदेश दिया गया की जो हम सभी को त्यौहार स्वच्छ वातावरण में त्योहार मानवता हैं ऐसे लोगों का सम्मान हमें जरूर करना चाहिए ताकि लोगों में उच्च नीच की भावना पैदा ना हो।




# हिंदु संगठन ने अज्ञात शव का कराया अंतिम संस्कार

## अंत्येष्टि के वक्त हुई मृतक की पहचान

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई एक सड़क दुर्घटना में अज्ञात युवक की मौत हो गई थी। पुलिस दो दिनों तक शव की शिनाख्त का प्रयास करती रही लेकिन जब शिनाख्त नहीं हो सकी तो हिंदु संगठन को अवगत कराकर अंतिम संस्कार की व्यवस्था कराई गई। रविवार को हिंदु जोड़ो संगठन के सदस्य हिंदु रीति-रिवाज से सागर रोड स्थित भैंसासुर मुक्तिधाम में शव का अंतिम संस्कार करवा रहे थे, तभी मृतक की 85 वर्षीय नेत्रहीन मां और दो बहनों का भी पता चला गया और वे भी अंतिम क्रिया में शामिल होने मुक्तिधाम पहुंच गईं। मृतक की पहचान 45 वर्षीय मदन अनुरागी के रूप में हुई है। अंतिम संस्कार में लगने वाली सामग्री सहित अन्य व्यवस्थाएं कराने वाले हिंदु जोड़ो संगठन के सदस्यों का परिजनों ने आभार जताया है, वहीं शहर में भी संगठन द्वारा किए गए कार्य की सराहना की जा रही है।



# मंत्री के क्षेत्र मे मानवता को शर्मसार करती हुई गौरिहार की यह तस्वीर



मृतक भगवानदास अहिरवार को गौरिहार सीएचसी से हथठेला मे ले जाते परिजन

**प्रकाश मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। जी हाँ यह तस्वीर छतरपुर जिले के नवगठित अनुविभागीय मुख्यालय गौरिहार सीएचसी केंद्र के पास की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरिहार निवासी 52 वर्षीय भगवानदास पिता बद्री अहिरवार की तालाब मे डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बीते बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे स्थानीय बड़े तालाब मे नहाते समय कमल के फूल तोड़ने के प्रयास के दौरान मृतक भगवानदास तालाब की गहराई मे समा गया। इस बीच स्थानीय लोगों ने उसे बचाने की भरसक कोशिश की जो अंतत: नाकाफी साबित हुई। घटना के बाद परिजनों व मोहल्लेवासियों ने आनन -फानन मे साधन के अभाव मे घायल को चार पहिया हथठेला मे ही रखकर घटना स्थल से करीब ढाई से तीन सौ मीटर दूरी पर स्थित स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईलाज हेतु लेकर गए,जहाँ पर मौजूद स्वास्थ्य अमला ने औपचारिक परीक्षण कर मृत हो जाने की पुष्टि कर दी।

इस मामले मे यहाँ तक तो सब विधि के विधान मृतक के परिजनों की सामर्थ्य के अनुसार ही होता गया। लेकिन इसके बाद स्थानीय जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी की वजह से गौरिहार सीएचसी के अंदर ब्याप्त भ्रष्टाचार व वहाँ के कुप्रबंधनता की कलई खुल गई। गौरिहार सीएचसी के कथित जिम्मेदारों की माने तो वहाँ की ब्यवस्था चुस्त - दुरुस्त हैं, लेकिन हकीकत मे गौरिहार सीएचसी की ब्यवस्थाएं हाँथी के दाँत साबित हो रही हैं।

पूर्व की घटनाओं की तरह ही उक्त घटना के दौरान भी सीएचसी प्रबंधन की लापरवाहीपूर्ण रवैया सच्चाई के रूप एक बार फिर से सबके सामने आ गया।

***राज्य मंत्री के क्षेत्र मे जिम्मेदारों की लापरवाही समझ से परे***

इस मामले मे आश्चर्यजनक पहलू यह है कि चंदला विधानसभा के युवा विधायक और राज्य सरकार मे वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री के रूप मे शामिल दिलीप अहिरवार के क्षेत्र मे ही जब आमजन के साथ जिम्मेदारों द्वारा इस तरह का अमानवीय ब्यवहार किया जा रहा है तो प्रदेश के अन्य क्षेत्र मे ब्यवस्थाओं को लेकर क्या स्थिति होगी यह सोंचकर ही आमजन की रूह काँप जाती है। ऐसा नही है कि क्षेत्र मे ब्याप्त अव्यवस्थाओं व विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय पीड़ितजनों द्वारा आवाज न उठाई जाती हो। पीड़ितों के द्वारा उचित मंच के माध्यम से जिम्मेदार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी विपदा सुनाई जाती है। जहाँ उन्हें सिर्फ और सिर्फ कोरे आश्वासन मात्र ही मिलते हैं। जिसकी वजह से ही लम्बे समय से स्थानीय अमला अपने कर्तव्य के प्रति सजग न होकर लापरवाही पूर्ण रवैया अख्तियार किए हुए है।

***जिम्मेदार बोले***

गौरिहार सीएचसी मे शव वाहन उपलब्ध है या नही इस बात की जानकारी मे बीएमओ से लेता हूँ। यह गंभीर विषय है , इसको मैं प्राथमिकता देखता हूँ।

***बलवीर रमन - एसडीएम, गौरिहार***

गौरिहार सीएचसी मे शव वाहन उपलब्ध नही है। शासन की गाईड लाईन के अनुसार 108 एम्बुलेंस, एम्बुलेंस व जननी एक्सप्रेस मे शव नही ले जाया जा सकता है।

***डॉ0 लखन सिंह अहिरवार - बीएमओ, गौरिहार***

# कतक्यारियों को विधायक ने दी 25 लाख के कुंजन मंदिर रोड की सौगात

## कार्तिक स्नान करने वाली माताओं, बहनों से किया वादा हुआ पूरा



छतरपुर। छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने सुबह साढ़े पांच बजे कुंज विहारी मंदिर पहुंचकर भगवान राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर वर्षों से कार्तिक स्नान करने आने वाली कतक्यारियों को कुंजन मंदिर पहुंचने के लिए जर्जर पहुंच मार्ग से छुटकारा दिला कर 25 लाख की लागत से रोड बनावा कर कतक्यारियों को समर्पित कर दिया। इस दौरान वृंदावन से आये कलाकारों की पूजा अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण की लीला में कतक्यारियों के साथ भाव विभोर होकर विधायक भी झूम उठीं।

विधायक श्रीमती ललिता यादव ने डामर रोड के लोकार्पण अवसर पर कहा कि मुझे जितनी खुशी विधानसभा क्षेत्र मे करोडों के विकास कार्य कराने से नहीं मिली उतनी आज 25 लाख के कुंजन मंदिर रोड निर्माण से हुई है। मैंने पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव के दौरान कतक्यारियों से वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद कार्तिक माह में बहनों को पक्का रोड़ दूंगी। ठाकुर जी कृपा और आप लोगों के सतत सहयोग से यह काम आज संभव हो गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक श्रीमती ललिता यादव ने रोड के लोकार्पण के दौरान वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा राधा रानी की कृष्ण लीला की प्रस्तुति भी कराई।

***कतक्यारियों के साथ झूम उठीं विधायक***

छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने अपनी ओर से प्रसाद वितरण किया और हजारों की संख्या में कार्तिक स्नान कर पूजा अर्चना कर रही माताओं बहनों को गले लगाकर शुभकामनायें दी और माता बहनों के साथ भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर सब के साथ जमकर झूमीं। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, प्रभारी सीएमओ दिनेश तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया, पार्षद गट्टी यादव , स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक, उपयंत्री गुप्ता सहित पार्टी पदाधिकारी व शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मौनिया दल के साथ शराबियों ने की मारपीट, 3 घायल



छतरपुर। बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गंगवाहा में मौनिया दल के साथ गांव के ही कुछ शराबियों द्वारा मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि गंगवाहा गांव के युवा मौनिया दल बनाकर भेड़ाघाट गए थे। रविवार को जैसे ही मौनिया दल वापिस गांव पहुंचा वैसे ही शराबी छोटे आदिवसी, मुन्ना आदिवसी, राजेन्द्र आदिवासी, जीवन आदिवासी, देवेंद्र आदिवासी और नीरज आदिवासी ने लाठी-डंडों से उन्हें पीटना शुरु कर दिया। मारपीट में मुलायम आदिवासी उम्र 19 वर्ष, जगन आदिवासी उम्र 22 वर्ष और संतोष आदिवासी उम्र 17 वर्ष घायल हुए हैं। तीनों घायलों को बमीठा अस्पताल ले जाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# थाना लवकुशनगर पुलिस ने लूट का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राकेश सिंह**

लवकुशनगर। लवकुशनगर थाना क्षेत्र में तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा बाइक सवार युवक के साथ 20 हजार रुपए की लूट की गई थी। फरियादी की शिकायत पर लवकुशनगर थाना में मामला दर्ज किया



गया था। पुलिस ने गंभीरता से कार्रवाई करते हुए तीनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। लुटेरों के कब्जे से पुलिस को लूट की आधी रकम मिली है, जबकि शेष रकम आरोपियों द्वारा खर्च कर दी गई है। लवकुशनगर थाना प्रभारी निरी. परशुराम डाबर ने बताया कि चंदला थाना क्षेत्र के ग्राम बछौन निवासी इन्द्रपाल कुशवाहा के साथ मड़वा तिराहे पर तीन अज्ञात बदमाशों ने लूट की थी। इंद्रपाल की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए और विवेचना के दौरान तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में संदिग्धों ने जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लुटेरों ने अपने नाम कपिल राजपूत उम्र 20 साल, अजीत राजपूत उम्र 22 साल दोनों निवासी श्रीधर कालोनी सटई रोड छतरपुर और फिरोज खान उम्र 22 साल निवासी ग्राम बगमऊ बताए हैं। तनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूट के 10 हजार रुपए, घटना में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जबकि लूट की शेष राशि 20 हजार आरोपियों द्वारा खर्च कर दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी अजीत के ऊपर छतरपुर के सिविल लाइन थाना और कपिल के ऊपर बमीठा थाना में एक-एक अपराध पहले से दर्ज है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321